FORTUNA PR

Publication	Gyan Shikha Times	Date	15-06 -2017	Page No.	04
Client Name	Kamdhenu	Edition	Varanasi		

कामधेनू लिमिटेड ने लांच किया 'कामधेनू नेक्स्ट'

वाराणसी। इमारतों की लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कम्पनी कामधेनू लिमिटेड ने शहर में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनू नेक्स्ट का लॉन्च किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल तथा माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक श्री भूपेंद्र अग्रवाल, ने इस नए उत्पाद का पेश किया। वाराणसी एवं आस-पास के क्षेत्रों से 450 से ज़्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे। 'कामधेनू नेक्स्ट' एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 2.5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है इस लॉन्च के मौके पर कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''भगवान शिव की नगरी वाराणसी में रीयल एस्टेट कारोबार तेज़ी से बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि हमारा नया उत्पाद 'कामधेनू नेक्स्ट' यहाँ बनने वाली उँची उँची इमारतों को सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा। 'कामधेनू नेक्स्ट' न केवल हमारे द्वारा किए जाने वाले गहन अनुसंधान का नतीजा है बल्कि विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर मुहर है। माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे, यूज़र लाइसेंस एग्रीमेन्ट के तहत कामधेनू ब्राण्ड टीएमटी बार की अधिकृत निर्माता है। इस मौके पर माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक श्री भूपेंद्र अग्रवाल ने कहा कि, ''उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक तकनीक के उत्पाद उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से हमने कामधेनू लिमिटेड के साथ साझेदारी की। हम 'कामधेनू नेक्स्ट' के फीचर्स से बेहद प्रभावित हैं, जो इसे आम स्टील बार की तुलना में कई गुना बेहतर बनाते हैं। हमें खुशी है कि हमें कामधेनू लिमिटेड के साथ जुड़ने का मौका मिला है।''